दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य तेलों के मानक पैकिंग साईज लागू किए।

02. स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने का निर्णय लिया।

03. राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्नातक छात्रों के लिए अब इंटर्नशिप अनिवार्य होगा।

04. और, प्रदेश में कल शाम आंधी–बारिश की घटना में नुकसान की खबर। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के सोलह जून के बाद राज्य में प्रवेश करने की सम्भावना।

---

केंद्र सरकार ने कानूनी माप प्रणाली के अंतर्गत खाद्य तेलों के लिए मानक पैकिंग लागू की है। इससे बाजार में अधिक पारदर्शिता और एकरूपता आएगी। उपभोक्ता कार्य विभाग ने खाद्य तेलों और घी की शुद्ध मात्रा तथा मानक पैक आकार निर्धारित करने संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया में संशोधन किया है। स्वीकृत पैक आकार दो सौ ग्राम, पांच सौ ग्राम, एक से पांच किलो, पंद्रह और बीस किलो है। इस पहल का उद्देश्य बाजार में विभिन्न पैकेज आकारों की बढ़ती संख्या कम करना है। इससे उपभोक्ताओं के लिए कीमतों की तुलना और सोच–समझकर खरीदारी करना आसान हो जाएगा।

---

राज्य के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों का फायर ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों, सिविल सर्जनों और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के निदेशकों को पन्द्रह दिनों के भीतर फायर ऑडिट कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सात प्रमुख बिन्दुओं पर अस्पतालों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जायेगी। इधर, अग्निशमन पुलिस के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार नट ने बताया कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर पटना के पांच अस्पतालों और तीन होटलों को सील करने का आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा बावन अस्पतालों और होटलों से अग्नि सुरक्षा मानकों में

लापरवाही के आरोप में स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज में भी अग्नि सुरक्षा ऑडिट करायी गयी है।

———साउंड बाईट———

गौरतलब है कि पिछले दिनों मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना में छह लोगों की मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी है।

---

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में एनसीसी और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाएगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन ने इस संबंध में सभी कुलपतियों को निर्देश जारी किया है। नई व्यवस्था के तहत राज्य के दो सौ अड़सठ अंगीभूत और चार सौ उनासी संबद्ध कॉलेजों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। लगभग साठ हजार एनसीसी कैडेटों को आपदा प्रबंधन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही एनएसएस से जुड़े युवाओं को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को भूकंप, बाढ़, अग्निकांड और अन्य प्राकृतिक तथा मानवजनित आपदाओं से निपटने की जानकारी दी जाएगी।

---

बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। प्रत्याशी ग्यारह जून तक नामांकन वापस ले सकते हैं। आवश्यकता होने पर इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। इधर, एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास ने बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने चार और जदयू ने चार उम्मीदवारों के नामों की सूची पहले ही जारी कर दी है। इधर, पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश को विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गयी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नामांकन में अभी कल तक समय है, इसलिए लोगों को इंतजार करना चाहिए।

———साउंड बाईट———

---

राज्य के विश्वविद्यालयों और उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए अब इंटर्नशिप करना अनिवार्य होगा। राज्यपाल सचिवालय ने इस संबंध

में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुरूप तैयार इंटर्नशिप गाइडलाइंस फॉर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स इन यूनिवर्सिटीज ऑफ बिहार को मंजूरी देते हुए अधिसूचना जारी की है। नई व्यवस्था के तहत चार वर्षीय सीबीसीएस आधारित स्नातक पाठ्यक्रम में दूसरे और चौथे सेमेस्टर के बाद अनिवार्य रूपसे इंटर्नशिप कराई जाएगी। दिशा–निर्देशों के अनुसार छात्रों को चार से छह सप्ताह की अवधि में कुल एक सौ बीस घंटे की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी। इंटर्नशिप चार क्रेडिट की होगी और इसका क्रेडिट पांचवें सेमेस्टर में जोड़ा जाएगा। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी छात्र को समूह में इंटर्नशिप करने की अनुमति नहीं होगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता और कौशल विकास को बढ़ावा देना है।

---

राज्य में सत्ताईस जिलों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चालीस ट्रैफिक पोस्ट स्थापित किये जायेंगे। इसके साथ ही इन स्थानों पर पांच सौ से अधिक सीसीटीबी कैमरे भी लगाये जायेंगे। जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। परिवहन विभाग के अनुसार जनवरी दो हजार बाईस से अब तक पचास हजार छह सौ तिरेसठ सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसमें सबसे अधिक पटना में हिट एंड रन के मामले दर्ज किये गये हैं।

---

तेल कम्पनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। चौदह किलो दो सौ ग्राम सिलेंडर के मूल्य में उनतीस रूपये की वृद्धि की गयी है। अब पटना में इसकी कीमत एक हजार चालीस रूपये प्रति सिलेंडर हो गयी है। पांच किलोग्राम भार वाले सिलेंडर का मूल्य तीन सौ पचहत्तर रूपये से बढ़कर तीन सौ छियासी रूपये हो गया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। वहीं, व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

---

प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित राज्य के दक्षिणी भागों में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। साथ ही उमसभरी गर्मी बनी रहेगी। कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज सीमांचल के कई जिलों समेत राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई है। पूर्वी चंपारण के पताही में सबसे अधिक चौहत्तर दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पूर्णिया के रूपौली में इकहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, भागलपुर और कटिहार समेत कई अन्य जिलों में भी बारिश हुई है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में बक्सर, बांका, मुंगेर और जमुई जिले में एक—एक व्यक्ति की मौत हो गयी है।

———————————————————

राज्य में दक्षिण—पश्चिम मॉनसून के सोलह जून के बाद प्रवेश करने की सम्भावना है। मौसम विभाग से मिली ताजा जानकारी के अनुसार मॉनसून सामान्य गति से बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। विभाग ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान देश के पूर्वोत्तर भागों में मॉनसून सक्रिय हो जायेगा।

———————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रही नीट, यूजी दो हजार छब्बीस पुनर्परीक्षा के प्रश्न पत्र के कथित रूप से लीक, अग्रिम पहुंच या बिक्री से सम्बंधित अफवाहों का खंडन किया है। एजेंसी ने कहा कि यह छात्रों और उनके परिवारों की चिंताओं का फायदा उठाने वाले संगठित नकल गिरोहों का काम है। एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों को सलाह दी है कि वे अंजान स्रोत से प्राप्त किसी भी संदेश को न माने, न ही भुगतान करें। एनटीए ने लोगों को सतर्क करते हुये कहा कि ऐसे संदेश आगे न भेजें और धोखाधड़ी के झांसे में न आएं। एजेंसी ने सभी उम्मीदवारों से अफवाहों से बचने और केवल सत्यापित वेबसाइट और चैनलों के माध्यम से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया है।

———————————————————

पथ निर्माण विभाग ने बक्सर—बरौनी रेलखंड स्थित एलसी सत्तर ए पर निर्माणाधीन आरओबी के धंसने के मामले में तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने बताया कि आरओबी की मुख्य संरचना पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से रेलवे प्रशासन ने आरओबी पर यातायात बंद कर दिया है।

———————————————————

राज्य के एक सौ अस्सी परीक्षा केन्द्रों पर आज बीएड की परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर संजय कुमार ने बताया कि

सभी केन्द्रों पर कदाचार रोकने के लिए जैमर लगाये गये हैं। परीक्षार्थियों की जांच के लिए बायोमैट्रिक मशीन भी लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाने के लिए पूरी जांच की जा रही है।

---

भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला सेतु पर आज से वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। वर्तमान में एक लेन पर अधिकतम दस टन भार वाले वाहनों को ही परिचालन की अनुमति दी गयी है।

---

शेखपुरा नगर परिषद क्षेत्र के बंगलापर मोहल्ले के एक मकान में एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में राजस्व विभाग के विशेष सर्वेक्षण अमीन कंचन राम समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

---

अररिया जिला समाहरणालय के परमान सभागार में जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बीस सूत्री की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री रामचंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की।

---

सुपौल जिले के दत्ता टोला क्षेत्र में तैनात एसएसबी टीम ने एक नेपाली वाहन से सत्रह सौ किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त कर लिया।

---

भोजपुर की स्थानीय अदालत ने जून दो हजार तेईस में दहेज हत्या के एक मामले में दोषी पति और सास –ससुर को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक लाख रुपये का आर्थिक दंड भी सनाया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वैभव सूर्यवंशी के भारतीय क्रिकेट टीम में चयन को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– वैभव टीम इंडिया में शामिल होने वाले सबसे युवा खिलाड़ी।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर शीर्षक दिया है – पंद्रह साल के वैभव से चमकी भारतीय क्रिकेट टीम।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – जीएसटी छूट वाले सस्ते दिन गुजरे, नब्बे दिन में अस्सी प्रतिशत चीजें पहले से ज्यादा महंगी।

आज अखबार की सुर्खी है – मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल यूथ चेस चैम्पियनशिप दो हजार छब्बीस के अंडर एटीन के विजेता मोहम्मद रेयान को बाइस लाख पचास हजार का चेक सौंपा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य तेलों के मानक पैकिंग साईज लागू किए।

02. स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने का निर्णय लिया।

03. राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्नातक छात्रों के लिए अब इंटर्नशिप अनिवार्य होगा।

04. और, प्रदेश में कल शाम आंधी–बारिश की घटना में नुकसान की खबर। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के सोलह जून के बाद राज्य में प्रवेश करने की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।